कोविड–19 टीके

प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न

अंतिम अपडेट: 5 अगस्त, 2021

मुझे कोविड-19 हो चुका है। क्या मुझे अभी भी टीके की आवश्यकता है?

हाँ। पिछले संक्रमण से मिली प्रतिरक्षण शक्ति लम्बे समय तक नहीं टिकती है। दोबारा कोविड-19 होने की सम्भावना रहती है। बेहतर सुरक्षा के लिए टीकाकरण के दो डोज़ लीजिए।

कोन सा टीका बेहतर है?

हेल्थ कैनेडा द्वारा स्वीकृत सभी कोविड–19 टीके कोविड–19 जनित गम्भीर बीमारियों से बचाते हैं।

क्या mRNA टीके अदले बदले जा सकते हैं?

ऐम आर ऐन ऐ के दोनों टीके (Moderna और Pfizer) एक ही तकनीक का प्रयोग करते हैं, और ये टीके बिना हानि के अदले बदले जा सकते हैं। बेहतर और दीर्घकालीन सुरक्षा के लिए दो डोज़ लेना आवश्यक है।

यदि मैं एक ऑटोइम्यून कन्डिशन और/या दूसरी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायों से ग्रस्त हूँ तो क्या टीका लगवाना सुरक्षित है?

हाँ। कोविड–19 टीके की करोड़ों डोज़ ऐसे लोगों को दी जा चुकी है जो विभिन्न स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायों जैसे हृदयरोग, दमा, मधुमेह, गठिया, कैंसर से ग्रस्त हैं या अंग प्रत्यारोपण करवा चुके हैं। टीकाकरण कोविड–19 से होने वाले गम्भीर रोग से बचाव करते हैं। अगर आपका कोई प्रश्न हो तो अपने स्वास्थ्य सुरक्षाकर्ता से बात करें।

क्या टीके ऐलर्जीग्रस्त लोगों के लिए सुरक्षित हैं?

कोविड–19 टीके में अंडे, जिलेटिन, प्रिज़र्वेटिव्ज़ या ऐन्टिबायोटिक्स नहीं होते हैं। एक स्वास्थ्य सुरक्षाकर्मी टीके के इन्ग्रीडियेन्ट्स और आपकी स्वास्थ्य स्थिति की समीक्षा करेगा ताकि निश्चित हो जाए कि टीका आपके लिए सुरक्षित है। टीकाकरण के बाद कम से कम 15 मिनट तक आपको निगरानी में रखा जाएगा। ताकि किसी भी प्रतिकूल प्रभाव का तुरंत उपचार किया जा सके।

कोविड–19 टीके

प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न

अंतिम अपडेट: 5 अगस्त, 2021

क्या टीके के कोई दुष्प्रभाव हैं?

कुछ लोगों को हल्का सिर दर्द, बुखार, कँपकपी या सुई लगी जगह पर दर्द जैसी मामुली प्रतिक्रियाएँ हो सकती हैं। सामान्यत: ये प्रतिक्रियाएँ दूसरे डोज़ के बाद ज़्यादा आती हैं। ये प्रतिक्रियाएँ 1 से 3 दिन तक रहती हैं। टीकाकरण के बाद इन लक्षणों से राहत पाने के लिए आप पर्चे के बिना मिलने वाली दवाईयाँ ले सकते हैं।

अगर मैं ड्रग्स या शराब का आदी हूँ, तो क्या टीका लगवाना सुरक्षित है?

हाँ। अगर आप ड्रग्स या शराब के आदी हैं तो भी टीका लगवाना सुरक्षित है।

दो डोज़ लेने के बाद क्या मैं अपनी "सामान्य" गतिविधियों में लौट सकता हूँ?

कोविड-19 की दूसरी डोज़ के 2 हफ्ते बाद लोगों को पूर्णतया टीकाकृत माना जाता है। जब तक और अधिक लोग पूर्णतया टीकाकृत नहीं हो जाते, तब तक दूसरों से कम से कम 2 मीटर की दूरी बना कर रखिए, बंद सार्वजनिक स्थानों पर या खुले में जहाँ दूरी रखना सम्भव न हो, मास्क लगाकर रखें और हाथों को बार बार धोते रहें।

टीकाकरण करवाने के लाभ क्या है?

जैसे जैसे अधिक लोग टीकाकृत होंगे, कोविड-19 के मामले कम होंगे, जिससे कुछ स्वास्थ्य सम्बन्धी सार्वजनिक पावन्दियाँ हटायी जा सकती हैं और काम धंधे दोबारा शुरू हो सकते हैं। इसका मतलब हम बहुत सारी उन गतिविधियों में लौट सकते हैं जो हमें आनंद देती हैं जैसे कि:

- बिना किसी भय के, रोगग्रस्त सम्बन्धी या मित्र से मिलना
- यात्रा करना
- कला, मनोरंजन या खेल आयोजनों में सम्मिलित होना

टीकाकरण करवाने से हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर से भी दबाव कम होगा जिससे सर्जरीज़ और दूसरी चिकित्सा प्रक्रियाएं पुन: आरम्भ हो सकती है।

अधिक जानकारी के लिए toronto.ca/COVID19 पर जाएँ या टॉरंटो पब्लिक हैल्थ को 416-338-7600 पर कॉल करें।